# कॉमन रिव्यू मिशन आख्या – जनपद कुशीनगर
## भ्रमण तिथि– 11 से 14 नवम्बर, 2024

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार (कार्यालय पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एम0 एण्ड ई0/2024–25/13/5129–2 दिनांक 09.11.2024 के संदर्भ में राज्य स्तरीय टीम द्वारा **कॉमन रिव्यू मिशन** दिनांक 11 से 14 नवम्बर, 2024 तक जनपद कुशीनगर का स्थलीय पर्यवेक्षण किया गया।

## राज्य स्तरीय टीम के सदस्य:–

1. डा0 एस0पी0 गंगवार, महाप्रबंधक, ब्लड
2. श्री इन्द्रजीत सिंह, तकनीकी कंसल्टेंट, आर.के.एस.के.
3. श्री सोनू गौतम, प्रोग्राम कोआर्डिनेटर, एम.एण्ड.ई.

### भ्रमण किये गये स्वास्थ्य इकाई

| क्र0सं0 | दिनांक | स्वास्थ्य इकाई |
|---|---|---|
| 2 | 12.11.2024 | **विकासखण्ड–दुदही**<br>1. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– दुदही।<br>2. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (आ0आ0म0)– टाढ़ीभार<br>3. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (आ0आ0म0)– चाफ/दुबौली<br>4. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (आ0आ0म0)– मगरीठ<br><br>**विकासखण्ड–सेवरही**<br>1. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– सेवरही।<br>2. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (आ0आ0म0)– बहादुरपुर।<br>3. आयुष्मान आरोग्य मंदिर– पिरोजहॉ। |
| 3 | 13.10.2024 | **विकासखण्ड–तमकुम्हीराज**<br>1. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– तमकुम्हीराज।<br>2. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (आ0आ0म0)– करमैनी।<br>3. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (आ0आ0म0)– सेमरा हर्दो पट्टी।<br>4. आयुष्मान आरोग्य मंदिर– सेमरा हर्दो पट्टी।<br>5. आयुष्मान आरोग्य मंदिर– चंद्रौटा।<br><br>**विकासखण्ड–फाजिलनगर**<br>1. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–फाजिलनगर।<br>2. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (आ0आ0म0)– लवकुश पश्चिम पट्टी।<br>3. आयुष्मान आरोग्य मंदिर– पटखौली |

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर

भ्रमण दल के द्वारा दुदही, सेवरही, तमकुम्हीराज एवं फाजिलनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का पर्यवेक्षण किया है:–

1. **मुख्य द्वार, लिंक रोड, भवन एवं परिसर** –
   **मुख्य द्वार, बाउंड्रीवाल एवं लिंक रोड–** दुदही, सेवरही एवं फाजिलनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के मुख्य द्वार दुरस्त किया जा रहा था एवं लिंक रोड का भी कार्य प्रगति पर पाया गया सभी स्वास्थ्य इकाईयों की बाउंड्रीवाल एवं गार्डनिंग का कार्य प्रगति पर था। तमकुम्हीराज की बाउंड्रीवाल पर अतिक्रमण किया गया है जिसे हटवाने के निर्देश दिये गये।

**साइन बोर्ड–** दुदही, सेवरही एवं फाजिलनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के मुख्य द्वार, लिंक रोड एवं इकाई परिसर में साईन बोर्ड लगाये जा रहे है जिसे अतिशीघ्र कार्य पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

**सिटीजन चार्टर–** सभी स्वास्थ्य इकाईयों पर सिटीजन चार्टन शीघ्र लगाये जाने के निर्देश दिये गये।

**भवन एवं परिसर–** दुदही, सेवरही, तमकुम्हीराज एवं फाजिलनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन एवं परिसर की मरमम्त एवं रंगाई–पोताई का कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये।

**साफ–सफाई की व्यवस्था–** दुदही, सेवरही, तमकुम्हीराज एवं फाजिलनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में साफ–सफाई की व्यवस्था की मानकानुसार व्यवस्था नहीं है। सफाई कर्मचारियों की आवश्यकता है। दल के द्वारा मानकानुसार साफ–सफाई की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये गये।

**वाहन पार्किंग की व्यवस्था–** दुदही, सेवरही, तमकुम्हीराज एवं फाजिलनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भ्रमण के दौरान दल द्वारा पाया गया कि वाहन पार्किंग की व्यवस्था अस्त–वस्त थी बाइके जहॉ–तहॉ खडी थी बडे वाहनों के प्रवेश की जगह अत्यन्त कम थी जिसे तत्काल सुधार हेतु निर्देशित किया गया।

2. **पंजीकरण एवं पुछताछ केंद्र/हेल्प डेस्क** – सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर पंजीकरण एवं पुछताछ केंद्र/हेल्प डेस्क समुचित व्यवस्था पायी गयी। केन्द्र पर पंजीकरण प्रबन्धन उचित नहीं थी जिसके कारण अनावश्यकत लोगो की भीड़ एकत्र थी दल के द्वारा पंजीकरण एवं पुछताछ केंद्र/हेल्प डेस्क में सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये।

3. **ओ0पी0डी0–** दुदही, सेवरही एवं फाजिलनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों अपेक्षाकृत बहुत कम ओ0पी0डी0 थी दल के द्वारा ओ0पी0डी0 बढ़ाये जाने के निर्देश दिये गये।

4. **लेबररूम–** सभी स्वास्थ्य इकाईयों पर अपेक्षाकृत कम प्रसव कराये जा रहे है। प्रोटोकॉल पोस्टर मानकानुसार लगाये जा रहे थे। प्रसव कक्ष में साफ–सफाई की व्यवस्था है। प्रसव ट्रे व्यवस्थित थे औषधियों के एक्सपाइरी डेट की लिस्ट बनाई गयी है उपकरणों का रख–रखाव उचित था।

5. **एन0बी0एस0यू0–** इकाई पर एन0बी0एस0यू0 संचालित है व उपकरणों का रख–रखाव भी उचित है कर्मचारियों को उपकरणों के संचालन की जानकारी संतोषजनक है।

6. **प्रयोगशाला–** किसी भी केंन्द्र पर आई0पी0एच0एस0 नॉर्म के अनुसार जॉचे नहीं की जा रही है प्रयोगशाला के रिकार्डों का रख–रखाव उचित नहीं है। परिसर में निःशुल्क जा रही जॉचों की सूची प्रदर्शित की गयी है प्रयोगशाला में सफाई की व्यवस्था उचित है।

7. **एक्सरे/अल्ट्रासाउन्ड की सुविधा–** स्वास्थ्य इकाईयों पर एक्सरे की सुविधा उपलब्ध है कक्ष की स्थिति दुरस्त की जा रही है उपकरण व्यवस्थित किये जा रहे।

8. **टीकाकरण–** सभी स्वास्थ्य इकाईयों पर टीकाकरण संतोषजनक पाया गया कोल्ड चैन कक्ष में प्रोटोकॉल पोस्टर/आई0सी0 उपलब्ध थी तथा तमकुम्हीराज के अतिरिक्त किसी भी इकाई पर उपलब्ध वेक्सीन की सूची उपलब्ध नही थी।

9. **फार्मेसी–** इकाई पर ई0डी0एल के सापेक्ष औषधियॉ उपलब्ध नहीं थी। कक्ष के बाहर ई0डी0एल0 सूची भी उपलब्ध थी।

10. **परिवार नियोजन–** सभी इकाईयों पर कण्डोम बाक्स तो पाये गये किन्तु दुदही पर बाक्स खाली थे या अन्य सामाग्री से भरे हुये थे।

11. **रिपोर्टिंग एवं रिकार्डस–** सभी स्वास्थ्य इकाईयो पर सम्बन्धित ऑनलाईन रिपोर्टिंग के रिकार्डस की व्यवस्था संतोषजनक तैयार किये जा रहे है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर

1. **मुख्य द्वार, लिंक रोड, भवन एवं परिसर–** सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्य द्वार दुरस्त किया जा रहा था एवं लिंक रोड का भी कार्य प्रगति पर पाया गया सभी स्वास्थ्य इकाईयों की बाउंड्रीवाल एवं गार्डनिंग का कार्य प्रगति पर था।
2. **साइन बोर्ड एवं सिटीजन चार्टर–** स्वास्थ्य केन्द्रों के मुख्य द्वार, लिंक रोड एवं इकाई परिसर में साईन बोर्ड लगाये जा रहे है जिसे अतिशीघ्र कार्य पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये गये हैं साथ ही सिटीजन चार्टर लगाये जाने के निर्देश दिये गये। सभी परिसर में साफ–सफाई की व्यवस्था उचित पायी गयी।
3. **ओ0पी0डी0–** स्वास्थ्य केन्द्रों अपेक्षाकृत बहुत कम ओ0पी0डी0 थी दल के द्वारा ओ0पी0डी0 बढ़ाये जाने के निर्देश दिये गये।
4. **प्रयोगशाला–** किसी भी केंन्द्र पर आई0पी0एच0एस0 नॉर्म के अनुसार जॉचे नहीं की जा रही है परिसर में निःशुल्क जा रही जॉचों की सूची प्रदर्शित की गयी है प्रयोगशाला में सफाई की व्यवस्था उचित है।
5. **फार्मेसी–** इकाई पर ई0डी0एल के सापेक्ष औषधियॉ उपलब्ध नहीं थी। कक्ष के बाहर ई0डी0एल0 सूची भी उपलब्ध थी। जिसे तत्काल लगाये जाने के निर्देश दिये गये।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर

**मुख्य द्वार, लिंक रोड, भवन एवं परिसर–** भ्रमणित आयुष्मान आरोग्य मंदिर के मुख्य द्वार, लिंक रोड, भवन एवं परिसर की स्थिति संतोषजनक पायी गयी। परिसर की ब्रांडिंग संतोषजनक थी एवं साफ–सफाई की व्यवस्था उचित थी।

**ओ0पी0डी0–** आयुष्मान आरोग्य मंदिर में औसतन 15–20 ओ0पी0डी0 किये जा रहे है जिसे औसतन 25–30 किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**जॉचें –** आयुष्मान आरोग्य मंदिर में जॉचे 7–9 प्रकार की जा रही है तथा टी0बी0 मरीजों के सैम्पल एकत्र किये जा रहे है। जॉचों के रिकार्ड बनाये जा रहें है।

**आई0ई0सी0–** परिसर में सम्बन्धित सभी प्रकार की आई0ई0सी0 उपलब्ध एवं चस्पा थी।

**टेलीकंसल्टेशन–** आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में औसतन 4–5 टेलीकंसल्टेशन किये जा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर– सेमरा हर्दो पट्टी पर लेपटाप उपलब्ध नही पाया गया। दल के द्वारा कारण पुछे जाने पर अवगत कराया गया की विगत 01 माह से लेपटाप खराब है जिसकी सूचना सम्बन्धित को दे दी गयी है।

**सामुदायिक गतिविधियॉ–** सी0एच0ओ0 के द्वारा सामुदायिक गतिविधियॉ योगा आदि किया जा रहा है जिसका रिकार्ड भी संरक्षित किया गया है।

## समीक्षा बैठक

राज्य स्तरीय दल के द्वारा दिनांक 13.11.2024 को मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में भ्रमण के दौरान प्रकाश में आये बिन्दुओं पर चर्चा की गयी तथा निराकरण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने के लिये अनुरोध किया गया।






| | | |
|---|---|---|
| सोनू गौतम, | इन्द्रजीत सिंह, | डा0 एस0पी0 गंगवार, |
| प्रोग्राम कोआर्डिनेटर, एम.एण्ड.ई. | तकनीकी कंसल्टेंट, आर.के.एस.के. | महाप्रबंधक, ब्लड. |